हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

11 जल जीवन मिशन के तहत लगाए गए नलों...

12 नगर व गांवों के चौराहों पर दीप प्रज्ज्वलित कर लोगों...




## खबर संक्षेप

### उदंती रिजर्व में दुर्लभ प्रजाति का भेड़िया तस्वीर में कैद



**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में अनेक प्रकार के दुर्लभ प्रजाति के वन्य जीव पाये जाते है, उदंती अभ्यारण्य के बफर जोन ऐरिया वन परिक्षेत्र इदागांव बुडगेलटप्पा कक्ष क्रमांक 1227 तालाब में अति दुर्लभ प्रजाति के भेजिया की तस्वीर कैमरा में कैद हुआ है, हालांकि उदंती अभ्यारण्य में भेड़िया भारी संख्या में पाये जाते है लेकिन इसे दुर्लभ प्रजाति का भेड़िया बताया जा रहा है जिसकी पुष्टि उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने किया है।

### ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ युवक

**महासमुंद।** व्हाट्सअप में लिंक को क्लिक करने से एक युवक के बैंक खाते से रुपए कट गए। बसना पुलिस ने बताया है कि सर्वानंद प्रधान पिता जीवर्धन प्रधान (30) ग्राम नानकसागर के मोबाइल पर नंबर 7392874425 व्हॉटसअप से एक लिंक भेजा था, जिसे प्रार्थी द्वारा क्लिक कर दिया गया, इसके बाद उसके बैंक खाते से 193015 रुपए कट गए। मामले में प्रार्थी ने आरोपी एचडीएफसी बैंक का खाता धारक विकास पटेल, यस बैंक के खाताधारक किंजल ट्रेडिंग, यस बैंक के खाताधारक अंधेरीहब टाउन, एक्सिस बैंक के खाता धारक देवराज मीना के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

संकट : क्षेत्र में मक्के की फसल पककर तैयार, सप्ताह भर के भीतर प्रारंभ होगी मक्के की कटाई

# मक्के की फसलों को वन्यप्राणी भालू व बंदर पहुंचा रहे जमकर नुकसान, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन फसल के तहत सैकड़ों एकड़ में किसान मक्के की फसल ले रहे है और लगभग मक्के की फसल पककर तैयार हो गई है एक सप्ताह के भीतर कटाई प्रारंभ हो जायेगी। वहीं दूसरी ओर इस भीषण गर्मी में जंगल के भीतर नदी, नाले व पोखर सुख जाने के कारण वन्यप्राणी लगातार गांव के नजदीक आ रहे हैं। मक्के, हरा फसल और खेतो में पानी वन्यप्राणियों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। वन्यप्राणी भालू, बंदर, जंगली सुअर, नीलगाय, द्वारा मक्के के फसल को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है जिसकी शिकायत लगातार किसानों के द्वारा किया जा रहा है। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में बड़ी संख्या में किसान मक्के के फसल ले रहे है, ग्रामीण किसानों के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में मैनपुर क्षेत्र के जंगलों में भालुओं की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। आये दिनों जहां ग्रामीण भालुओं के हमले के शिकार





हो रहे है तो इन दिनों मक्के की फसल ले रहे किसान अपने फसलों की सुरक्षा को लेकर बेहद परेशान है, शाम ढलते ही भालुओ का दल सीधे फसलो पर धावा बोलकर बड़ा नुकसान पहुंचा रहे है। जिसकी शिकायत कई बार किसानों द्वारा वन विभाग से करने के बावजूद कोई ठोस पहल नहीं करने से किसान परेशान है और फसल मुआवजा की मांग कर रहे है।

### रतजगा कर फसल की सुरक्षा करने किसान मजबूर

किसान थानुराम पटेल, कृष्णा पटेल, गणेशराम, मनहरण सिंह, दुलचंद ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मक्के के फसल मे फल आते ही शाम ढलते ही 8-10 की संख्या में भालुओं का दल और जंगली सुअर बंदर सीधे मक्के के खेतों में घुसकर मक्के के पक चुके फलों को तोड़ तोड़कर फेंक रहे है, जिससे भारी नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है। किसान खेतो में मचान बनाकर रात -रात भर जाग कर फसल की सुरक्षा करने मजबूर हो रहे है, और भालु उन पर हमला न करें इसलिये दस फीट से उंचें मचान बनाकर, उसके उपर बाजा बजा कर, मशाल जलाकर और पटाखे फोड़ भालुओ, जंगली सुअरो व बंदरो को खेतों से बाहर निकाला जाता है।

# मौसम में उतार-चढ़ाव से बुजुर्गों व पुराने रोगियों की परेशानी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

पिछले कुछ दिनों से मौसम में चल रहे उतार-चढ़ाव का सीधा असर स्वास्थ्य पर भी पड़ने लगा है। कभी भीषण गामी और फिर अचानक दो दिन बाद बारिश व ठंड के कारण बुजुर्गों और पुराने रागियों की परेशानी बढ़ गई है। मौसम में बदलाव से छोटे बच्चे भी प्रभावित हो रहे हैं। सप्ताहभर से अस्पतालों में सर्दी-खांसी के अलावा हल्का बुखार के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। इन दिनों गर्मी के मौसम में अचानक बारिश और फिर तापमान में गिरावट देखी जा रही है। कुछ दिनों पहले तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया था लेकिन दो-तीन दिनों तक हुई बारिश के कारण रात में ठंड लगने लगी थी। मौसम का मिजाज जैसे-जैसे बदलता है वैसे ही सेहत पर भी असर पड़ता है। भीषण और फिर अचानक बारिश से लोगों में स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें भी बढ़ गई। डॉक्टरों के अनुसार हाल ही में मौसम में उतार-चढ़ाव की वजह से बुजुर्गों और पुरानी बीमारियों के मरीजों की समस्याएं बढ़ गईं। सप्ताहभर से सर्दी-खांसी के साथ ही हल्का बुखार वाले मरीजों की संख्या में इजाफा हो गया। हल्का बुखार वाले मरीजों में ज्यादातर बुजुर्ग और पुरानी बीमारियों के मरीज हैं। मौसम की वजह से बीपी की समस्या बढ़ जाती है। बीपी, शुगर के मरीजों को काफी परेशानियों होती है। अम्बेडकर अस्पताल के मेडिसीन विभाग में कुछ दिनों से वायरल इंफैक्शन वाले मरीज ज्यादा आ रहे हैं।

### हल्का फीवर की शिकायतें बढ़ी

हल्का फीवर के साथ सर्दी-खांसी के मरीज बढ़ रहे तथा बड़ो के साथ बच्चों पर भी हो रहा मौसम में बदलाव का असर लेकिन मौसम में बदलाव का सबसे असर पुराने रोगियों और बुजुर्गों पर पड़ रहा है। पिछले कुछ दिनों से पुराने रोगी हल्का फीवर की शिकायत लेकर आ रहे हैं। मौसम में परिवर्तन होने घर बुजुर्गों और पुराने रोगियों को अपना ध्यान रखना चाहिए। परिवार के सदस्यों को भी उनकी विशेष देखभाल करनी चाहिए

# लोगों को घर-घर जाकर दिया जा रहा मतदान आमंत्रण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 26 अप्रैल को जिले में मतदान होगा। जिला प्रशासन की ओर से इसकी सभी तैयारी की जा रही है। इसी कड़ी में मतदाताओं को मतदान तिथि, समय और उनके संबंधित मतदान केंद्र की जानकारी युक्त पर्ची उनके घर-घर जाकर दी जा रही है। मतदाता सूचना पत्र में मतदान



और मतदाता से संबंधित सभी जानकारी सरल रूप में मौजूद है। इससे मतदाताओं को मतदान करने में आसानी और सहज होगी। इसी के साथ मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग जरूर करने अपील सह आमंत्रण पत्र भी दिया जा रहा है। इसके माध्यम से लोगों को 26 अप्रैल को संबंधित मतदान केंद्र में जाकर अवश्य मतदान करने की अपील की जा रही है। साथ ही अपने आस पड़ोस के मतदाताओं ⏭ शेष पेज 11 पर

## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468



## खबर संक्षेप




### कबीर नगर में मतदाता जागरूकता अभियान

**रायपुर।** नगर निगम जोन 8 क्षेत्र स्थित पण्डित जवाहरलाल नेहरू वार्ड के कबीर नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के गोल चौक पर एआईजी ट्रैफिक संजय शर्मा के नेतृत्व में शत-प्रतिशत मतदान के लिये रहवासियों को शपथ दिलाई गई। सामूहिक शपथ के कार्यक्रम में जोन 8 के अधिकारी, कर्मचारी और सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि शामिल रहे। 7 मई को रायपुर लोकसभा क्षेत्र में होने जा रहे मतदान में मतदाता के रूप में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करने बुधवार को सामूहिक शपथ दिलाई गई। सामाजिक संगठन स्टे विथ मी के स्वयंसेवकों, जोन 8 के सहायक अभियंता ईश्वरलाल टावरे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, उप अभियंता अक्षय भारद्वाज ने रहवासी मतदाताओं के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली।

### भाजपा की वादाखिलाफी से राज्य में मोदी सरकार के खिलाफ माहौल

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार के खिलाफ जनता में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिल रहा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, प्रथम चरण का चुनाव प्रचार आज समाप्त हो गया। बस्तर एवं पूरे छत्तीसगढ़ की जनता अबकि बार केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनाने मतदान करने का मन बना चुकी है। जनता मोदी सरकार की विदाई के लिये मतदान करने को आतुर है। छत्तीसगढ़ में मोदी और राज्य की साय सरकार की वादाखिलाफी बड़ा मुद्दा है। उन्होंने कहा, राज्य में मोदी की गारंटी के नाम से बड़ी-बड़ी बातें हो रही हैं, लेकिन जनता से किये वादे साय सरकार पूरी नहीं कर रही, न 18 लाख आवास का वादा पूरा हुआ, न महतारी वंदन की पूरी राशि महिलाओं को मिली और न ही किसानों का कर्जा माफ हुआ। भाजपा की धोखेबाजी के खिलाफ मतदान होगा।

### वृंदावन हॉल में कवि सम्मेलन 21 को, विमोचन भी

**रायपुर।** सिविल लाइस स्थित वृंदावन हॉल में 21 अप्रैल को कवि राजेश जैन 'राही' की व्यंग्य कृति 'नाचे आम आदमी' का विमोचन किया जाएगा। साथ ही कवि सम्मेलन और विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली विभिन्न सामाजिक संस्थाओं को 'नवरंग समाज रत्न सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। यह विमोचन मुख्य अतिथि डॉ. गिरीश पंकज, डॉ. चितरंजन कर, डॉ. मृणालिका ओझा, एम राजीव एवं संजय जैन गिड़िया द्वारा किया जाएगा। इस दौरान डॉ. गिरीश पंकज, डॉ चितरंजन कर एवं डॉ. मृणालिका ओझा अपने महत्वपूर्ण विचार रखेंगे। कवि सम्मेलन में भूमिका जैन आगरा, शालू सांखला, भीलवाड़ा, सलोनी जैन ब्यावर समेत स्थानीय रचनाकार भी अपनी कविताओं का पाठ करेंगे। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम सुबह 9 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीमा श्रीवास्तव एवं अनिल श्रीवास्तव ज़ाहिद करेंगे।

### बाल मानस मंडली ने नवनिर्मित महिला घाट का किया लोकार्पण

**रायपुर।** नगर पालिका मंदिर हसौद श्री बाल समाज मानस मंडली बजरंग चौक नगर पालिका मंदिर हसौद द्वारा निर्मित महिला तर्पण घाट का लोकार्पण किया गया, बाल समाज मानस मंडली बजरंग चौक द्वारा पूर्व में भी वर्ष 2017 में तर्पण घाट का निर्माण किया गया था तथा दूसरा तर्पण घाट का निर्माण बाल सामान्य बाल समाज मंडल द्वारा किया गया 15 अप्रैल को किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बाल समाज मानस मंडली के संचालक राधेश्याम पटेल, अध्यक्ष धनेश पटेल, सचिव, रामकुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष राजकुमार पटेल, डोमसिंग साहू, मनोहर पटेल, विरेंद्र सिन्हा साथ ही अतिथि के रूप में प्रमुख रूप से आचार्य ओमकार पांडे उपास्थित रहे।

# बस्तर में कांग्रेस-भाजपा के बीच मुकाबला, लेकिन खर्च में आगे रही भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण के लिए बस्तर लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। इससे पहले 17 अप्रैल की शाम चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। इस चुनाव में मुख्य मुकाबला कांग्रेस के कवासी लखमा और भाजपा के महेश कश्यप के बीच होता दिख रहा है, लेकिन चुनाव प्रचार अभियान के दौरान दोनों प्रत्याशियों ने खर्च का जो हिसाब दिया है, उसमें भाजपा प्रत्याशी आगे है।

चुनाव के दौरान रोजना होने वाले सभी तरह के चुनावी खर्चों का ब्योरा प्रत्याशियों को देना अनिवार्य है। पहले चरण के लिए 17 अप्रैल की शाम प्रचार का समय समाप्त होने के पहले 15 अप्रैल तक हुए खर्चों का हिसाब सभी प्रत्याशियों ने तीन राउंड में दिया है। यह हिसाब निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय पर्यवेक्षक को दिया जाता है। व्यय पर्यवेक्षक हर प्रत्याशी के खर्चों का पूरा मिलान करके प्रमाणिक करते हैं कि किस प्रत्याशी ने किस मद में कितना पैसा खर्च किया है। लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी को 95 लाख रूपए तक खर्च करने की अनुमति है।

## सीपीआई, गोंगपा, बसपा भी है मैदान पर




### महेश ने 65 लाख, कवासी ने 54 लाख खर्च किए

चुनाव के दौरान प्रत्याशियों ने अपने प्रचार के लिए खर्च की गई राशि का ब्योरा निर्वाचन विभाग को दिया है। भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप ने 15 अप्रैल तक कुल 65 लाख 18 हजार, 820 रुपए खर्च किए हैं।

इनके मुकाबले चुनाव लड़ रहे कवासी लखमा ने 54 लाख 23 हजार 404 रुपए खर्च करना बताया है। इन दोनों प्रत्याशियों के साथ ही 9 अन्य प्रत्याशी भी मैदान में हैं, लेकिन ये लोग खर्च के मामले में दो प्रमुख दलों के प्रत्याशियों से बहुत पीछे हैं।

### सीपीआई और गोंगपा बसपा भी है मुकाबले में

बस्तर लोकसभा सीट से कांग्रेस-भाजपा के मुकाबले अन्य दलों के जो प्रत्याशी मैदान में हैं उनमें सीपीआई के फूलसिंह कचलाम और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी गोंगपा के टीकम नागवंशी भी शामिल है। सीपीआई प्रत्याशी ने चुनाव प्रचार के लिए 6 लाख से अधिक की राशि खर्च की है। गोंगपा के प्रत्याशी टीकम नागवंशी ने 1 लाख 54 हजार 400 रूपए खर्च का हिसाब दिया है। सीपीआई बस्तर में काफी पहले से चुनाव लड़ती आ रही है। 2023 के विधानसभा चुनाव में भी पार्टी मैदान में थी, लेकिन उस समय प्रत्याशी को पार्टी का चुनाव चिन्ह नहीं मिल पाया था। खास बात ये भी है कि राष्ट्रीय स्तर पर सीपीआई इंडिया गठबंधन में भी शामिल है। लेकिन छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के साथ सीटों के बंटवारे पर कोई बात नहीं बन पाई। गोंगपा ने विधानसभा चुनाव 2023 में पाली तानाखार सीट जीती थी। इस पार्टी का प्रभाव आदिवासी समुदाय में है। लेकिन बस्तर के लोकसभा चुनाव में यह पार्टी कितना दम दिखाती है ये देखना होगा। बहुजन समाज पार्टी से आयतुराम प्रत्याशी हैं, उन्होंने 2 लाख 33 हजार 521 रुपए खर्च किए हैं। आयतुराम 2019 में भी यहां से चुनाव लड़े थे, लेकिन हार गए थे।

## भूपेश ने कहा- पूर्व की घटना पर दिया था बयान

# भूपेश के नक्सलियों के फर्जी एनकाउंटर वाले बयान पर गृहमंत्री ने कहा-जवानों से माफी मांगनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के फर्जी एनकाउंटर वाले बयान पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, नक्सली संगठन ने अपने पत्र में भी 50 नक्सलियों से मारे जाने की बात कबूली है। ऐसे में भूपेश बघेल का बयान दुर्भाग्यजनक है। उनको अपने बयान पर जवानों से माफी मांगना चाहिए। अगर यह माफी नहीं मांगते हैं, तो जनता इसका जवाब देगी।

उप मुख्यमंत्री ने कांकेर मुठभेड़ पर जवानों को बधाई देते हुए कहा, जवानों के समर्थन, उनके कंधों की ताकत पर कल जो कुछ हुआ है, वह बड़ी सफलता है। यह आज तक की सबसे बड़ी सफलता सुरक्षा बलों को मिली है। मैं इसके लिए जवानों को बधाई देता हूं। नक्सलियों की मांद में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक जैसा किया है।

वहीं नक्सलियों के साथ बाहरी ताकतों के शामिल होने पर उन्होंने कहा, मतलब यह है कि इंसास, एके 47 मिलता है, तो यह क्या है। कहां से आ रहा है, देश के खिलाफ बहुत बड़ा षड्यंत्र है। हमारे ही कुछ लोग मिलकर इस तरह का काम करेंगे, तो नहीं चलता है। किसी को भी अधिकार नहीं है कि देश में जनता मरती रहे और विकास को कोई बाधा करके बैठा रहे और उसका समर्थन करता रहे।



### नक्सली मुठभेड़ का सच सामने आना चाहिए : बैज

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नक्सलियों के फर्जी एनकाउंटर वाले बयान के बाद अब पीसीसी चीफ दीपक बैज ने बस्तर में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 29 नक्सलियों के मारे जाने पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि सरकार का दावा अगर सच है तो बड़ी उपलब्धि है, यदि निर्दोष ग्रामीण हैं, तो सरकार पर प्रश्न चिन्ह है। सत्य सामने आना चाहिए। सच में नक्सली हैं, कही निर्दोष ग्रामीण तो नहीं। चुनाव के ठीक पहले इतनी बड़ी मुठभेड़ के संयोग पर अगर पूर्व मुख्यमंत्री ने संदेह जताया है, तो सरकार को जवाब देना चाहिए। समय आने पर स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

### भाजपा कार्यकर्ता की हत्या कायराना

वहीं नारायणपुर में फिर एक बीजेपी कार्यकर्ता की नक्सलियों द्वारा हत्या किए जाने पर विजय शर्मा ने कहा, पंचमदास भाजपा के कार्यकर्ता थे, उपसरपंच भी थे। कायराना ढंग से उन्हें मारा गया है। नक्सलियों से सरकार हर समय चर्चा के लिए तैयार है। किसी भी माध्यम से बात करना चाहे, हम तैयार हैं। शांति बहाल होनी चाहिए। खून खराबा बंद होना चाहिए।

### 'फर्जी मुठभेड़' पर भूपेश की सफाई, कहा- पूर्व में घटित घटना पर कही थी बात

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुरक्षाबलों द्वारा 29 नक्सलियों के मारे जाने की घटना को 'फर्जी' बताए जाने वाले बयान पर सफाई दी है। उन्होंने कहा, पूर्व घटित नक्सल घटना को लेकर दिए गए मेरे बयान को अभी की घटना से जोड़ कर बताया गया है। भाजपा वाले ऐसा कर रहे हैं, यह बेहद दुर्भाग्यजनक है। उन्होंने कहा कि मैंने फर्जी मुठभेड़ की बात पूर्व घटित घटना के विषय में कही थी, जिसमें ग्रामीणों की ओर से आरोप लगाए थे। अभी 29 नक्सलियों को सुरक्षा बल के जवानों से मार गिराया है, यह बड़ी कामयाबी है। जवानों को इस सफलता के लिए बधाई देता हूं।





# विधायक साहू ने अंचल क्षेत्रों में किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम।

विधायक रोहित साहू का जनसंपर्क अभियान राजिम विधानसभा क्षेत्र के गांवों में चल रहा है। विधायक श्री साहू हाल ही में ग्राम सरकड़ा, नांगझर, पचपेड़ी, बोडराबांधा तथा पाण्डुका में जनसंपर्क किए।इस दौरान जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, मंडल अध्यक्ष संदीप पांडेय, सांसद प्रतिनिधि टीकम साहू, किशन कंडरा, चंदन साहू, विरेन्द्र कुमार साहू, जवाहर शर्मा, गुलशन सिन्हा, डिगेन्द्र साव सहित सभी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामवासी मौजूद थे।

# जिला प्रशासन ने रूकवाया बाल विवाह

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग अशोक कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन व जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी के निगरानी में मिशन वात्सल्य योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं चाईल्ड लाईन 1098 के टीम द्वारा 16 अप्रैल को गरियाबंद ब्लॉक अंतर्गत बाल विवाह रोकथाम, नशा मुक्ति, स्पॉन्सरशिप वा बाल अधिकार के प्रचार प्रसार किये जाने के दौरान बाल विवाह होने की जानकारी प्राप्त हुई। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के टीम द्वारा बालिका के घर जाकर उनके पालक से पूछताछ किया गया एवं बालिका के अंकसूची से आयु का सत्यापन किया गया, जिसमें उसकी आयु 17 वर्ष 06 माह होना पाया गया। विवाह के लिये बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार वधु की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। निर्धारित आयु से कम आयु में विवाह करने या करवाने की स्थिति में सम्मिलित व सहयोगी सभी लोग अपराध की श्रेणी में आते हैं, जिन्हें 02 वर्ष तक का कठोर कारावास एवं 01 लाख रूपये का जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। मिशन वात्सल्य योजना, महिला एवं बाल विकास गरियाबंद एवं चाईल्ड लाईन 1098 के टीम द्वारा बालिका को उनके पालक के साथ बाल कल्याण समिति गरियाबंद में प्रस्तुत किया गया और उन्हे समझाईश दिया गया कि बालिका की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने पश्चात ही विवाह करें जिसमें उनके परिजनो ने बाल कल्याण समिति की समझाईश पर सहमति जताई।

### कांग्रेस में थम नहीं रहा पलायन, समन्वय समिति भी मनाने में रही असफल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद से ही कांग्रेस नेताओं का पार्टी छोड़ने का सिलसिला जारी है। अब डैमेज कंट्रोल के लिए समिति का गठन किया गया है, ताकि नेताओं से बातचीत कर उन्हें पार्टी में रोक कर रखा जा सके। फिर भी पार्टी छोड़ने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। समन्वय समिति गठन होने के बाद वरिष्ठ पदाधिकारी और पूर्व मंत्री, विधायकों को लोकसभा वार प्रभारी भी बनाया गया था। समन्वय समिति ने प्रभारियों पार्टी के रूठे हुए नेताओं को मनाने और पार्टी छोड़ने से रोकने का प्रयास करना था। समिति गठन के होने के बाद प्रदेश में करीब एक दर्जन से अधिक कांग्रेस नेताओं ने पार्टी छोड़ दी। लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस के कई नेताओं ने भाजपा प्रवेश कर लिया था।

# कांग्रेस की घोषणाएं महिलाओं के साथ भद्दा मजाक केवल वोट बैंक के तौर पर किया जाता है इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुईं नेत्रियों ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने राज्य में महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त कर महिलाओं के संरक्षण के लिए कानून का सख्ती से पालन कराने और महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों को गंभीरता से लेकर अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही थी। प्रत्येक थाने में एक महिला सेल स्थापित करने का वादा किया था, जिसमें महिला अपराधों की स्वतंत्र जांच की जाएगी। कांग्रेस के पूरे पांच साल के कार्यकाल में महिलाओं के साथ अनाचार, दुर्व्यवहार और हिंसा होती रही और कांग्रेस की सरकार आंखे मूंदे बैठी रही। आज बड़ी बड़ी घोषणाएं कर कांग्रेस एक बार फिर महिलाओं के साथ




भद्दा मजाक कर रही है।

एकात्म परिसर में आयोजित पत्रकारवार्ता में कांग्रेस का दमन छोड़ भाजपा में शामिल होने वाली बिलासपुर की पूर्व महापौर वाणी राव, नगर पालिका अध्यक्ष महासमुंद अनिता रावटे, जगदलपुर महापौर सफीरा साहू और महासमुंद की जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा पटेल और अरुणा शुक्ला ने कांग्रेस पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, कांग्रेस के नेता जुमलेबाजी और अवांछनीय बयानबाजी करते रहे। कांग्रेस की सरकार ने हर ग्रामीण परिवार को प्रतिवर्ष 4 सिलेंडर मुफ्त देने की बात कही थी, कुल 20 सिलेंडर दिए जाने थे, लेकिन किसी को कुछ नहीं मिला। वाणी राव ने कहा, कांग्रेस ने सदैव महिलाओं के साथ छल करके केवल वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल करने का राजनीतिक चरित्र प्रदर्शित किया है। कांग्रेस ने 2018 के चुनाव में गंगा मैया की सौगंध खाकर महिलाओं से धोखा किया था। कांग्रेस में महिलाएं घुटन महसूस कर रही हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में विष्णुदेव साय की सरकार में कई योजनाएं महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए संचालित की जा रही हैं।

### रामनवमी के दिन तो झूठ नहीं बोलना था- खेड़ा


कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुई नेत्रियों के कांग्रेस पार्टी पर गंभीर आरोप पर राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने कहा, रामनवमी जैसे पवित्र दिन को तो छोड़ ही देना था, आज भी झूठ नहीं बोलना चाहिए। भाजपा की चाइनीज़ गारंटी पर कांग्रेस छोड़कर गई हैं। पार्टी ने पहचान दी, पहचान देने वाली मां होती है और जो मां को धोखा देता है, उसे भगवान भी माफ़ नहीं करते हैं। उन्होंने कहा, जो महिलायें अपमान और दुर्व्यवहार की बात कर रही हैं, उन्हें ज़िला पंचायत अध्यक्ष, नगर निगम अध्यक्ष, महापौर जैसे पद किसने दिए।

## आज प्रथम चरण का मतदान

# छत्तीसगढ़ के सात पड़ोसी राज्यों के नौकरी पेशा और कामकाजी मतदाताओं को वोटिंग के लिए मिलेगी छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए राज्य के मतदाताओं को लोकसभावार सीट वार मतदान के दिन वोटिंग के लिए अवकाश मिलेगा। साथ ही छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्यों आंध्रप्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखंड और तेलंगाना के लोग जो यहां रहते हैं और नौकरी करते हैं उन्हें भी उनके राज्य में मतदान करने जाने के लिए अवकाश दिया जाएगा। यही नहीं छत्तीसगढ़ के लोग जो इन सात सीमावर्ती राज्यों में रहते हैं, उन्हें भी मतदान के लिए इस प्रकार सुविधा दी जाएगी। छत्तीसगढ़ सरकार के श्रम विभाग ने इस संबंध में एक अधिसूचना का प्रकाशन कराया है। इसमें कहा गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश की मंजूरी का प्रावधान है। साथ ही मतदान तिथि में कारखाना अधिनियम, छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम के अंतर्गत आने वाले कारखानों, संस्थानों, स्थापना में काम करने वाले प्रत्येक श्रमिक, कर्मचारियों को राज्य में मतदान के दिन यानी प्रथम चरण के लिए 19 अप्रैल, द्वितीय चरण के लिए 26 अप्रैल, और तीसरे चरण के लिए 7 मई को को राज्य शासन द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सवेतन अवकाश दिया जाएगा।



### इन राज्यों के कर्मियों को मिलेगी छुट्टी

छत्तीसगढ़ की सीमा से लगने वाले राज्य आंध्रप्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखंड और तेलंगाना के राज्य के बहुत से मतदाता जो छत्तीसगढ़ में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कोराबार, व्यावसाय में नियोजित हैं, उन लोगों को उनके गृह राज्य में मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा। आंध्रप्रदेश में एक चरण में 13 मई को, ओडिशा में चार चरणों में 13 मई,20 मई, 25 मई, और 1 जून को मतदान होगा। महाराष्ट्र में पांच चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, और 20 मई को, मध्यप्रदेश में चार चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, और 13 मई को, उत्तर प्रदेश में सात चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई, और 1 जून को,झारखंड़ में चार चरणों में 13 मई 20 मई, 25 मई, और 1 जून तथा तेलंगाना में 13 मई को एक चरण में चुनाव होगा।

### राज्य के इन कर्मियों को भी मतदान के लिए अवसर

साथ ही ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम पाली एवं द्वित्तीय पाली के श्रमिकों को मतदान के लिए दो-दो घंटे का अवकाश घोषित किए जाने तथा जो कारखाने जो निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी बारी से मतदान करने की सुविधा दी जाएगी।

### दूसरे प्रदेश में छत्तीसगढ़ के निवासियों को भी छुट्टी

छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि जिस प्रकार छत्तीसगढ़ में रहने वाले दूसरे राज्यों के कर्मियों को उनके राज्य में मतदान के लिए अवकाश दिया जा रहा है, उसी तरह इन सात राज्यों में रहने वाले छत्तीसगढ़ के लोगों को भी मतदान के लिए अवकाश दिया जा रहा है। ऐसा करने के पीछे उद्देश्य है कि सीमावर्ती राज्यों में रह रहे लोगों को भी वोट देने का अवसर मिले और मतदान का प्रतिशत भी बढ़े।

### अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ

**रायपुर।** अल्ट्राटेक सीमेंट,(बैकुंठ सीमेंट वर्क्स) में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 15 अप्रैल को ध्वजा रोहण से किया गया। कार्यक्रम में अग्नि शमन सेवा सप्ताह के महत्व, उद्देश्य एवं इसके पालन की आवश्यकता के बारे में सभी को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में इस सप्ताह में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में तथा नुक्कड़ के माध्यम से लोगो को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा अग्नि सेवा एवं संयंत्र की सुरक्षा में सक्रिय योगदान देने वाले कर्मियों को पुरुष्कृत किया गया। मुख्य सुरक्षा एवं अग्नि सुरक्षा अधिकारी श्री सुशांता कुमार मोहापात्रा ने सभी कामगारों भाईयो से अग्नि सुरक्षा से संबंधित नियमो के पालन के लिए अनुरोध किया एवं विश्वाश दिलाया कि सुरक्षा विभाग संयंत्र एवं आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले किसी भी अग्नि दुर्घटना का सामना करने के लिए सदैव तत्पर रहेगा।

## खबर संक्षेप

### नवमीं तिथि पर कन्याओं को भेंट किए श्रृंगार सामग्री

**सरायपाली।** रामनवमी के उपलक्ष्य में नवरात्र के नवमी को मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा सरायपाली के महिलाओं द्वारा घंटेश्वर मंदिर अर्जुंदा में पहुंच कर नौ कन्याओं को टिफिन, पानी बोतल, पेंसिल, पेन, फल और सुहाग पिटारी देकर नवमी में मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर शाखा के सदस्य प्रियंका, सीमा, खुशबू ,दीपिका, सपना आदि उपस्थित थे।

### वृद्धाश्रम में वरिष्ठजनों ने धूमधाम से मनाया श्रीराम जन्मोत्सव

**महासमुंद।** रामनवमी का पर्व शहर के दलदली मार्ग स्थित आसियाना वृद्धाश्रम में हर्षोल्लास से मनाया गया। इसके पूर्व चैत्र नवरात्र आरंभ से यहां निवासरत वरिष्ठजनों द्वारा प्रतिदिवस नवदुर्गा पूजन किया गया। अष्टमी हवन पूजन पश्चात नवमीं के अवसर पर यहां कन्या भोज का भी आयोजन हुआ। श्रीराम जन्मोत्सव की झांकी तैयार करते हुए यहां श्रीराम जन्म की आकर्षक प्रस्तुति दी गई और इसे उत्सव के रुप में मनाया गया। शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान के अध्यक्ष मनोज कुमार साहू, उदय कुमार साहू, खेमचंद जंजीर आदि ने बताया कि आसियाना वृध्दाश्रम में रहे रहे वृध्दजनों एवं घरौंदा के दिव्यांग बच्चों के साथ स्टाफ में अधीक्षक उषा साहू, कुंजन ठाकुर, दिव्या ठाकुर, मनीषा बघेल, श्रेया ठाकुर, ज्योति साहू, सरिता सोनी, खूशबू राजपूत, रेणु रात्रे, टीना मिरी, गौरी मिरी कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे रहे।

### गुड़ेलाभाठा में छात्रों को कराया न्योता भोज

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला गुड़ेलाभाठा संकुल मुनगासेर में महिला स्वसहायता समूह की अध्यक्ष गणेशिया बाई द्वारा छात्रों को न्योता भोज कराया गया। यह न्योता भोज कार्यक्रम उन्होंने अपने दिवंगत पुत्री की स्मृति में आयोजित की गई। छात्रों को खीर, पूड़ी परोसा गया। इस अवसर पर विद्यालय में प्रधानपाठक रेखा ध्रुव समेत स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

### बेलसोंडा में हुआ ज्योत जंवारा का विसर्जन

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत बेलसोंडा स्थित शीतला मंदिर की ज्योत जंवारा का विसर्जन हुआ। अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू ने बताया कि आगामी नवरात्रि पर्व में मंदिर में हवन पूजन एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष उदेराम साहू, महेश धीवर, प्रेमलाल चंद्राकर, आनंद यादव, प्रकाश साहू, लक्ष्मीकांत चंद्राकर, अजय चंद्राकर, तेजेश्वर चंद्राकर, धनी बैगा, रमेश धीवर, सतीश धीवर आदि मौजूद रहे।

### सामान्य प्रेक्षक ने किया मतदान केंद्र का निरीक्षण

**महासमुंद।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए संसदीय क्षेत्र 9 महासमुंद के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल अग्रवाल ने महासमुंद स्थित मतदान केंद्र शासकीय प्राथमिक शाला गुड़रूपारा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए बुनियादी सुविधाएं जैसे रैंप, बिजली, पानी, छाया, शौचालय, पर्याप्त एवं उपयुक्त फर्नीचर, भवन की स्थिति आदि का निरीक्षण किया।

## पेज 9 का शेष

### लोगों को घर-घर...

को भी मतदान के लिए प्रेरित करने के बारे में आग्रह किया जा रहा है। अपील सह आमंत्रण पत्र देने के साथ लोगों को यह भी बताया जा रहा है कि प्रशासन द्वारा सभी मतदान केंद्रों में सुलभ मतदान की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्र भवनों के भू तल पर ही बनाए गए है।

**छायादार शेड, मतदाता मित्र आदि की सुविधा-** बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों की सहूलियत के लिए रैंप भी बनाए गए है। साथ ही मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों में पानी, छायादार शेड, मतदाता मित्र आदि की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा मतदान केंद्रों में दिव्यांग, बुजुर्ग एवं गर्भवती-शिशुवती मतदाताओं को भी किसी तरह की परेशानी न हो इसका भी विशेष ध्यान रखा जायेगा।

# माता शबरी के जीवन में ज्ञान, भक्ति और वैराग्य था : युगल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

गोंदलाबहरा मे ग्राम वासियों के सहयोग से राम नवमीं के पावन अवसर पर एक दिवसीय संगीतमय राज्यस्तरीय श्रीराम चरित मानसगान सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमे दूर -दूर से पहुंचे मानस समितियों ने अपनी संगीतमय शानदार प्रस्तुती दी।

कार्यक्रम को लेकर समिति के पदाधिकारियों का व्यापक रूप से तैयारी की गई थी समिति के अध्यक्ष दुलार सिंह निषाद ने बताया ये हमारे यहां का इतना बड़ा आयोजन पहली बार है। कार्यक्रम के शुभारंभ से पहले विशाल जल कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में मोहल्ले के छोटे-बडे माता व बहनों के द्वारा गाजे बाजे के साथ कलश निकाली गईं। इस आयोजन को लेकर पूरा का पूरा ग्राम पंचायत उलटपारा गोंदलाबाहरा राममय हो गया था। प्रदेश के अलग–अलग जिलों से ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियों की भक्तिमयी प्रस्तुति देर रात्रि तक चलता रहा। परमेश्वर मानस परिवार सेम्हरतरा के व्याख्याकार युगल किशोर ने कहा कि श्रीराम चरित मानस हम सभी को अच्छा जीवन जीने की कला सिखलाती है। जीवनी में भगवान की भक्ति पानी है तो शबरी के जीवन की तरह ज्ञान भक्ति और वैराग्य का होना जरूरी हैं। जब तक ये तीनों भाव हमारे जीवन में नही होगा तब तक भक्ति की परिकल्पना नही कि जा सकती।यह तभी सम्भव है जब हमारी–आपकी सोच माता-पिता भगवान एवं जनमानस के प्रति सकारात्मक हो।

### उलटपारा में राज्यस्तरीय रामचरितमानस गान का हुआ समापन



#### भोजन प्रसादी का वितरण

आमंत्रित सभी श्रद्धालुओं के लिए आयोजक समितियों के द्वारा विशाल भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम कों सफल बनाने में सरपंच श्रीमति मेंटो बाई ग्राम पंचायत गोंदलाबाहरा, सालिक राम खैरवार, उज्जवल नागेश एवं समस्त ग्रामवासी उलटपारा गोंदलाबाहरा का विशेष सहयोग रहा। पूरे कार्यक्रम का संचालन थानू राम निषाद फिंगेश्वर एवं आभार शिक्षक दुलार सिंह निषाद ने किया। श्रीराम चरित मानस में भगवान भोलेनाथ को सबसे बड़ा वक्ता एवं माता पार्वती जी को सबसे बड़ा श्रोता के रूप में विशेष पूजन किया जाता है। इसके अलावा अन्य आमंत्रित मानस मंडलियों के द्वारा अलग–अलग प्रसंगों पर प्रस्तुति करण दी गई।गीत संगीत को सुनकर श्रोताओं मे विशेष उत्साह एवं आंनद के भाव देखा गया।प्रमुख रूप से जय दुर्गा मानस परिवार बासीन गरियाबंद, अराधना मानस परिवार कुंदरूपारा जिला बालोद, विश्राम मानस परिवार झारा जिला महासमुन्द, चक्रधारी बिहारी मानस परिवार गोंदला बाहरा गरियाबंद, सुर सरिता मानस परिवार खुसरूपाली, जय बजरंग मानस परिवार गोंदलाबाहरा गरियाबंद थे।

**मांग : कमारपारा पथर्री के ग्रामीणों ने मैनपुर पहुंचकर कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन**

# जल जीवन मिशन के तहत लगाए गए नलों में नहीं आ रहा पानी, ग्रामीणों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गर्मी प्रारंभ होते ही क्षेत्र के गांव में जलसंकट बढ़ने लगी है, वहीं दूसरी ओर लाखो-करोड़ों रूपये खर्च कर जल जीवन मिशन योजना के तहत गांव- गांव पानी के टंकी का निर्माण कर घरो में नल कनेक्शन लगाया गया है, लेकिन इस नल कनेक्शन से पानी नहीं निकलने की शिकायत लगातार आ रही है, तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 08 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बोईरगांव के आश्रित ग्राम कमारपारा पथर्री के ग्रामीणों ने मैनपुर पहुंचकर गरियाबंद कलेक्टर के नाम आवेदन पत्र देकर जल जीवन योजना के तहत लगाये गये नल जल से पानी नहीं आने की शिकायत किया है, साथ ही आधे घरों में पानी आने और आधे घरो में पानी नहीं आने से तथा हेडपम्प में मोटर लगा देने से ग्रामीणों के सामने इस भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, इसकी शिकायत करते हुए समस्या समाधान करने की मांग की है, ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत लाखों रूपये खर्च कर पानी की टंकी लगाई गई है और गांव में घर-घर पानी का कनेक्शन दिया गया है, लेकिन गांव के आधे बस्ती के एक तरफ ही पानी कुछ घरो में पहुंच रहा है और बस्ती के दूसरे तरफ पानी नहीं पहुंच रहा है, ग्रामीणों ने इसकी शिकायत पूर्व में स्थानीय अधिकारियों से किया था लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं किया गया, गर्मी के दिनों में लोगों को पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



#### आधे घरों के लोगों को पानी नहीं मिल रहा पानी

ग्रामीणों ने बताया कि हेडपम्प में मोटर लगा दिया गया है पहले हेडपम्प से पानी भरते थे लेकिन अब हेडपम्प में मोटर लग जाने से उन्हे बहुत दूर पानी के लिए जाना पडता है, नल कनेक्शन लगाने के समय इसकी तकनीकी एवं ऊंचाई पर ध्यान नहीं देने के कारण आधे घरो के लोगों को पानी नहीं मिल रहा है, ग्रामीणों ने इस मामले से गरियाबंद कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपकर मांग किया है। ग्रामीणो की गंभीर समस्या को देखते हुए पेयजल उपलब्ध कराया जाये।



# तेज धूप और गर्मी से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

पिछले कुछ दिनों से मौसम साफ हो गया है, और मौसम साफ होते ही तापमान में एकदम बढोतरी हुई है, फिर एक बार भीशण गर्मी पडने लगी है लोग धुप और गर्मी से परेशान होने लगे है और तो और वनांचल मैनपुर क्षेत्र में भी गर्मी ने लोगो का हालबेहाल कर दिया है, चिलचिलाती धूप एवं गर्म हवा के थपेड़े सुबह 10 बजे के बाद से ही झुलसा रहे है सुबह होते ही सूरज की किरणे आग उगल रही है। गुरूवार दोपहर 1 बजे के आसपास गर्म हवा के थपेड़े चालू सीजन का सर्वाधिक गर्म दिन रहा, सुबह होने के साथ ही लोग गर्मी से बचाव के तरीके अपनाने मे जूट जा रहे है दोपहर मे गर्म हवाओ के कारण बाहर निकलना मु"कल हो जा रहा है पिछले दो तीन वर्शो मे इस वर्श सबसे ज्यादा गर्मी पड़ रही है दोपहर मे चिलचिलाती धूप व गर्म हवा के थपेड़े के कारण सड़के सूनी हो जा रही है। इस दौरान बेहद आवश्यक कार्य से ही लोग बाहर निकल रहे है गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। गर्मी से राहत पाने दिनरात पंखे कूलर का उपयोग कर रहे है, लेकिन राहत नहीं मिल पा रही है। गर्मी बढ़ने से लोग अब सुबह 11 बजे के बाद घर से निकलने के लिए बचने लगे है जरूरी काम से ही लोग दोपहर को घर से निकल रहे है और पूरी सावधानी बरत रहे है।



सुबह से लू चल रही है और लोगो का घर से निकलना मुश्किल हो गया है चिलमिलाति धुप से लोगो का जीना मुहाल हो गया है उपर सुबह से दर्जनो बार बिजली की आंख मिचौली लोगो की परेशानी को और बढा रही है तापमान चरम पर है लोग घर से निकलने से पहले पुरी तरह से चेहरे और सिर को कपडे से ढाक कर निकल रहे है वही दोपहर को नगर सहित क्षेत्र के सडके सुनी नजर आ रही है धुप मे निकलने से लोग बीमार हो रहे है ऐसे में चिकित्सक धुप से बचने की सलाह दे रहे है चिकित्सको की माने तो लु से बचने के लिए धुप के सीधे सपर्क मे आने से हर संभव बचने का प्रयास करे यही कारण की लोग तरल ठंडा पदार्थ गन्ना रस आदि दुकानों में भीड देखी जा रही है तो वही छोटे छोटे बच्चे घुम्मरी व खुजली से परेशान हो गये है तेज धुप व चिलमिलाती गर्मी से लोग हलाकान व परेशान है पंखा, कुलर भी काम नहीं आ पा रहा है।

# मानस का पाठ किया और भजनों की दी प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

श्री दक्षिणमुखी संकट मोचन सुंदरकांड मंदिर समिति एवं शिव शक्ति महिला समिति के तत्वावधान में रामनवमीं के अवसर पर लोक-मंगल एवं जनकल्याण से अनु प्रमाणित भारतीय संस्कृति के गौरवमयी जीवन दर्शन की अनुपम कृति श्री रामचरितमानस अखंड पाठ का एक दिवसीय धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा अखंड पाठ के साथ ही भगवान राम के भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात हवन, पूजन व आरती संपन्न हुई। नौ कन्या भोज के पश्चात भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। यहां बड़ी संख्या में लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के द्रोण सिंह ठाकुर, शालू अशानी, मनोज सचदेव, डमरू देवांगन, संतु साहू, ममता शर्मा, लेखनी साहू वेणू प्रजापति, प्राची सिंह सहित सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# दीप जलाकर शत प्रतिशत मतदान करने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

जिला कलेक्टर गरियाबंद दीपक कुमार अग्रवाल एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार एवं रीता यादव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद व नोडल अधिकारी बुद्धविलास सिंह के मार्गदर्शन में 26 अप्रैल 2024 को लोकसभा निर्वाचन हेतु शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी तारतम्य में 17 अप्रैल को जिले के चौंक चौराहे एवं घरों में दीप जलाकर शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया। वहीं लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए ''वोट हमारा है अधिकार,करें नहीं इसको बेकार''का सन्देश नारों के माध्यम से दिया जा रहा है।इस अवसर पर पूरन लाल साहू ब्लाक नोडल अधिकारी फिंगेश्वर ने कहा कि– लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाना आवश्यक है। लोकसभा निर्वाचन में गरियाबंद जिले के मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 26 अप्रेल 2024 को गरियाबंद जिले में शत प्रतिशत मतदान हेतु रंगोली, चित्रकला,नुक्कड़ नाटक, स्लोगन, सायकल रैली, बाइक रैली एवं विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को प्रेरित की जा रही है।



## बकली में जंवारा विसर्जन...



**राजिम।** बकली गांव में जंवारा का विसर्जन किया गया। नवरात्र के पूरे नौ दिनों तक देवी मां के भक्त गांव में सुख, शांति की कामना को लेकर माता की सेवा में लगे रहे।जंवारा विसर्जन के दौरान ग्रामवासियों का पूरा सहयोग मिला। इस अवसर पर विष्णु मन्नाड़े, मुन्ना कुर्रे, बिसंभर राम मन्नाड़े, मेघनाथ मन्नाड़े, कुंजू राम मन्नाड़े, चद्रिरका मन्नाड़े, फेरहाराम मन्नाड़े, तोरण मन्नाड़े, चेतन मन्नाड़े, भोला माण्डेय, केदारनाथ मन्नाड़े, तुलसीदास मन्नाड़े, उमेश मन्नाड़े साहिल, लोमेश मन्नाड़े, खेलु मन्नाड़े मौजूद थे।

## हवन-पूजन के साथ ज्योत जंवारा का हुआ विसर्जन



**नवापारा-राजिम।** ग्राम उल्बा में उल्बाईंन माता एवं शीतला माता मंदिर में नवरात्रि के पूरे नौ दिनों तक माता की आराधना व सेवा में ग्रामवासी लगे रहे। उल्बाईंन माता एवं शीतला माता मंदिर के अलावा तोरण लाल साहू के घर में स्थापित देवी मां के मंदिर में मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित किया गया था। नवरात्र के अंतिम दिवस हवन पूजन कार्यक्रम के साथ ज्योत जंवारा विसर्जन किया गया। इस दौरान राकेश सोनबरसा, लीलाराम साहू, छगनलाल साहू, मंजू साहू, प्रतिमा साहू, गणेश्वरी संतराम सोनबरसा, व्यास नारायण साहू, धीरज कुमार साहू, सौरभ सोनी, स्वाति सोनी, रीना साहू सहित अनेक लोग मौजूद थे।

**निर्वाचन के मद्देनजर सभी टीम को सक्रियता के साथ काम करने के दिए निर्देश**

# व्यय प्रेक्षक ने वीडियो कांफ्रेंसिंग कर अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

लोकसभा निर्वाचन 2024 के संपादन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री राम प्रभु उदय आर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में स्थैतिक निगरानी दल, उड़नदस्ता दल एवं मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति के नोडल अधिकारी गरियाबंद के एनआईसी कक्ष से ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। बैठक में व्यय प्रेक्षक श्री राम प्रभु उदय आर ने निर्वाचन के मद्देनजर आवश्यक निगरानी रख कर सभी टीमों को सक्रियता से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने जांच नाकों के माध्यम से आने जाने वाले वाहनों पर 24 घंटे निगरानी बनाए रखने तथा अवैध सामग्री, धन एवं मादक पदार्थों के परिवहन पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले के सीमावर्ती इलाकों के जांच नाकों पर अधिक सुरक्षा एवं जांच व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक ने एमसीएमसी समिति को भी समाचार पत्रों, टेलीविजन एवं सोशल मीडिया में प्रसारित राजनीतिक विज्ञापन एवं पैड न्यूज की निगरानी रखने के निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर द्वय श्री नवीन भगत एवं पंकज डाहिरे सहित एफएसटी, एसएसटी एवं एमसीएमसी के नोडल अधिकारीगण मौजूद रहे।




## मताधिकार का शत- प्रतिशत उपयोग करें : मरकाम



छुरा। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत नागरिकों में मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप एक्टिविटी अंतर्गत नगर पंचायत छुरा के स्वर्ण जयंती चौक के पास आम नागरिकों के साथ दीप प्रज्वलन प्रज्वलन का कार्यक्रम आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य नगरपालिका अधिकारी लाल सिंग मरकाम द्वारा नागरिकों को अपील किया गया की दिनांक 26 अप्रैल 2024 को अपने मताधिकार का शत प्रतिशत उपयोग करें। साथ ही अधिकारी कर्मचारियों द्वारा मतदान हेतु संकल्प सूत्र बांध कर शत प्रतिशत मतदान कराने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी लाल सिंग मरकाम, वीरेंद्र ठाकुर, जितेंद्र पाटकर, रामाधार यादव, धनेश्वर नाग एवम निकाय के कर्मचारीगण तथा नगर के नगरीकगण उपस्थिति रहे।

**न्यायालय तहसीलदार राजिम**
**जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ...... ब/121 वर्ष 2023-2024
ग्राम बेलटुकरी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनीराम पिता माखन जाति तेली निवासी ग्राम बेलटुकरी तहसील राजिम जिला गरियाबंद के द्वारा मृतक खोरबाहरीन पति धनीराम का मृत्यु दिनांक 29.07.2008 को होना बताया गया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जो न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ सर्वसाधारण को आवेदन प्रस्तुत करना हो तो स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 30.04.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। तद्पश्चात प्राप्त आपत्ति या उजर दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
राजिम

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में अज्ञात शख्स की मौत

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम कोटेनदरहा से बिछिया के बीच सड़क दुर्घटना में अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 16 अप्रैल की रात 10 से 11 बजे के बीच कोटेनदरहा से बिछिया के मध्य सड़क हादसे में अज्ञात पुरुष की मौत हो गई। मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### जो वादा भाजपा ने किया उसे निभाया : विजय

**महासमुंद।** ग्राम झलप में बुधवार को एक चुनावी सभा में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर मंचस्थ अतथियों में लोकसभा चुनाव के सह समन्वयक एवं पूर्व विधायक विमल चोपड़ा, बसना विधायक सम्पत अग्रवाल, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, विधानसभा प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा, चंद्रहास चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष धरम पटेल, संदीप दीवान, धरम साहू, ललिता अग्रवाल शामिल रहे। मंच संचालन खेमराज बघेल ने किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेश शुक्ला, रूप लाल पटेल, सरपंच देवा नायक, राजेंद्र चंद्राकर, चंद्रहास चंद्राकर, कमल कौशिक, सम्मी सलूजा, निर्भय नायक, कुलजीत सलूजा, राकेश साहू, दिनेश्वर साहू, रामेश्वर गब्बर साहू, सुरेन्द्र यादव, यमुना ठाकुर, सुनील पटेल, हनी गंभीर, छविंद्र पटेल, जितराम पटेल, धनेश सिन्हा, धनेश गायकवाड़, प्रकाश चंद्राकर, ताराचंद पटेल, धनेश चंद्राकर, संपत पटेल, चंदन पटेल, चंद्रशेखर पटेल, डोमन यादव, सोमनाथ सिन्हा, प्रेम लाल यादव, रामसरण दीवान, परशु यादव, द्वारिका सेन, कृपा राम सेन, चैतराम पटेल, विकास अग्रवाल, जगदीश चौहान, सेवक दीवान, वीर सिंग निषाद, भूपेंद्र पटेल, सागर साहू, महेश देवांगन, बली पटेल, पोद्दार सोनवानी, दीपक मोंगरे, धनेश साहू, यादराम पटेल, दुकाला साहू, अनिता साहू, लक्ष्मी साहू, शीला चक्रधारी, तारा पटेल, मुन्नी पटेल, जय आवड़े, वीणा पांडे, ममता साहू, सीमा सेन, भारत ध्रुव, राजा अग्रवाल, मधु शुक्ला, लोकनाथ यादव, धन्यकेतन पटेल, खिलावन पटेल आदि मौजूद रहे।

### चीतल मांस काटते और साही पोटा के साथ एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** जिले के पिथौरा वन परिक्षेत्र से लगे बलौदाबाजार जिला के देवपुर क्षेत्र में चीतल के शिकार का मामला सामने आया। जिसमें वन विभाग के अधिकारियों ने चीतल का मांस व अन्य शिकार में प्रयोग औजार समेत वृद्ध को मांस काटते हुये धर दबोचा। बहरहाल, आरोपी को वन्य प्राणी अधिनियम के तहत 14 दिन के लिये जेल में दाखिल किया है। मिली जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र देवपुर अन्तर्गत धमलपुरा बीट के कक्ष क्रमांक 292 के मुंशी तालाब में मंगलवार को अपरान्ह 4 बजे गश्त के दौरान वन्यप्राणी चीतल का मांस काटते हुए आरोपी समारू बिसी वल्द उसत बिसी जाति संवरा 69 वर्ष निवासी ग्राम धमलपुरा जिला बलौदाबाजार को रंगे हाथों पकड़ा गया। सर्च वारंट जारी कर उक्त आरोपी के निवास पर स्निफर डॉग की विशेष दल द्वारा तलाशी लेने पर एक नग साही पोटा बरामद किया गया। आरोपी के विरूद्ध वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 2, 9, 39, 50, 51 के तहत वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया।

### गांवों में विधायक का जनसंपर्क दौरा जारी

**बागबाहरा।** लोकसभा क्षेत्र के खल्लारी विधानसभा में पूर्व संसदीय सचिव व विधायक द्वारिकाधीश यादव लगातार दौरा करते हुए पिथौरा क्षेत्र के ग्राम ठाकुरदिया खुर्द, जांघोरा, ग्राम कौहाकुड़ा, हरदी, धनोरा, बेलर, ग्राम सरायपाली एवं ग्राम खुसरुपाली में ग्रामीणजनों से मुलाकात कर चुनावी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से करन दीवान, लेखराम दीवान, बुधेश्वर डडसेना, हेमसिंह नायक, देवराज ठाकुर, रमेश साहू, मोती लाल जांगडे, मोती साहू, तुला साहू सहित कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

लोकसभा चुनाव : दीप प्रज्वलित कर शत-प्रतिशत मतदान करने का दिया गया संदेश

# नगर व गांवों के चौराहों पर दीप प्रज्वलित कर लोगों ने मतदान करने का लिया संकल्प

- हजारों की संख्या में नागरिकों ने किया दीप प्रज्वलित
- ग्राम धवलपुर में दूल्हे को मतदान करने के लिए संकल्प बैंड पहनाया गया

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश और स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ रीता यादव के मार्गदर्शन में आज शाम को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों एवं गांवों के चौक चौराहों में मतदाता दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, महिला समूह सहित आमजनों ने बढ़चढ़कर शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। साथ ही 26 अप्रैल मतदान दिवस के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया। इस दौरान महिलाओं ने अपने हाथों से दीप प्रज्वलित कर एक-दूसरे को मतदाता संकल्प बेंड भी पहनाई एवं मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।




लोकसभा निर्वाचन में गरियाबंद जिले के मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए लगातार शहर से लेकर गांवों तक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिससे मतदाताओं में अलग उत्साह है। जिले के युवा और बुजुर्ग मतदाता मतदान करने को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं। इस दौरान आज ग्राम धवलपुर में बारात जाते समय दूल्हे को मतदान करने के लिए संकल्प बैंड पहनाया गया। जिले के समस्त नगर एवं गांवों में दीप प्रज्वलित कर स्वयं मतदान करने एवं दूसरों को भी अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन के तहत जिलेवासियों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।



### दीपदान कर मतदाताओं को किया जागरूक

**छुरा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत लोगो में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने एवं मतदान के प्रतिशत में वृद्धि किये जाने के लक्ष्य प्राप्ति के लिए कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद रीता यादव के मार्गदर्शन में जिले में विभिन्न मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत रामनवमी के अवसर पर ग्राम पंचायत में दीपदान कर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया, क्षेत्र के लगभग 50 ग्राम पंचायत में दीपदान का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें सरपंच, उपसरपंच सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं अधिक संख्या में भाग लिया। प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत दुल्ला, सारागांव में मतदाता जागरूकता के तहत दीप प्रज्वलित किया गया। जिसमें केशरी ध्रुव जिला पंचायत सदस्य, जनपद सीईओ आर के धुव, कया राम यादव पंचायत निरीक्षक बीपीएम सुभाष चंद्र निर्मलकर, लेखपाल घनश्याम सिन्हा, पीआरपी दीवान बिहान की दीदियां एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मतदाता जागरूकता स्पर्धा के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी पुरस्कृत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

लोकसभा निर्वाचन 2024 चुनाव का पर्व देश का गर्व अंतर्गत जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो सके, इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रावल के निर्देश पर मतदाता जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के प्रतिभागियों से 20 मार्च से 05 अप्रैल तक पेंटिंग, नारा लेखन तथा फोटोग्राफी की आनलाईन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल और स्वीप के नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ रीता यादव ने पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कुमारी हिमांशी त्रिपाठी, द्वितीय निधि विश्वकर्मा एवं तृतीय स्थान पर दीक्षा साहू रही। इसी प्रकार नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर उमेश्वरी साहू, द्वितीय स्थान पर रामानंद अग्रवाल एवं तृतीय स्थान पर केश्वर्या सिन्हा रही। इसके अलावा फोटो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर उमेश्वरी साहू एवं द्वितीय स्थान पर खोमन सिन्हा रहे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को मतदाता संकल्प हैंड बैंड पहनाकर मतदान करने तथा अपने घर-परिवार एवं पड़ोसियों को मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राकेश कुमार गोलछा सहित मौजूद थे।

## नवरात्रि पर्व की पूर्णाहुति व राम नवमीं पर यज्ञ का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

गायत्री शक्तिपीठ छुरा में नवरात्रि पर्व की पूर्णाहुति और राम नवमी के अवसर पर पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस पुनीत अवसर पर नगर के श्रद्धालु भक्तों ने अपने नौ दिवसीय साधना का समापन किया तथा भगवान राम के जन्मोत्सव पर उन्हें स्मरण कर मंत्र और वनौषधियों से निर्मित हवन सामग्री से आहूति प्रदान की गई।

इस कार्यक्रम में नेमीचंद साहू, मधुबाला साहू, कैलाश पटेल, दीपिका पटेल, ओमप्रकाश यादव, राधिका यादव, सत्यव्रत दिलेश्वरी साहू मुख्य यजमान के रूप में कार्यक्रम के सहभागी बने। कृष्ण कुमार वसुंधरा साहू, केशव - कल्याणी साहू, पुखराज खुशबू ठाकुर, दिलीप संध्या यदु, नरसिंह खिलेश्वरी सोम, तिजउ राम घासिन साहू, भुनेश्वर पटेल, हेमंत मेनका साहू आदि कार्यकर्ताओं ने सपरिवार उपस्थित होकर इस अनुष्ठान में भागीदारी की। संगीत पक्ष में चतुर सिंह दीवान और उनके शिष्यों उपेन्द्र पटेल, देविका पटेल आदि ने समां बांधा। यज्ञ संपन्न होने के बाद भोजन प्रसाद वितरण किया गया। इस प्रकार यह कार्यक्रम श्रद्धा और उल्लास के वातावरण में मनाया गया।





## ज्योत जंवारा विसर्जन में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

बेलर की शीतला एवं मौली मंदिर में ग्रामवासियों की सामुहिक सहयोग से चैत नवरात्र पर्व में आयोजित किया गया था। महाष्टमी पर मंगलवार को पंडित के मंत्रोच्चारण से हवन पूजन किया गया। जिसमें गांव के सभी लोगों परिवार सहित ने आहूतियां डाली। वहीं बुधवार को बड़े उत्साह के साथ विसर्जन किया गया। इसी कड़ी में ग्राम गनियारी में देवी भक्त ने अपने निज निवास में यशवंत टिकेश्वरी साहू परिवार द्वारा परम्परागत वंशानुकुल नवरात्र पर्व में ज्वारा एंव जोत की स्थापना किया था। जिसकी विसर्जन शोभायात्रा बुधवार को निकाली गई। जोत जंवारा विसर्जन के लिए शीतला तालाब पहुंचे। जिसके चलते बेलर एवं गनियारी में माता के भक्तों की भारी भीड़ रही।

## दिव्यांगजनों के लिए चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने सक्षम ऐप बेहतर माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भारत का चुनाव आयोग दिव्यांग लोगों (पीडब्ल्यूडी) को अनुकूलित सेवाएं प्रदान करके मतदाता पहचान और पंजीकरण प्रक्रिया को आसान बनाने की दिशा में काम कर रहा है। एक नए कार्यक्रम के तहत, दिव्यांगजनों को एक विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए ऐप के माध्यम से चुनाव आयोग के साथ अपने आवश्यक विवरण साझा करने होंगे, जिसे वे अपने एंड्रॉइड और आईओएस फोन पर आसानी से डाउनलोड कर सकते हैं।

आईटी के उपनिदेशक नेहरू निराला ने बताया कि किसी भी चुनावी सेवा का अनुरोध करने के लिए, पहली बार मतदाताओं को अपने राज्य, जिला और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के साथ अपना नाम, पता और मोबाइल नंबर का खुलासा करना होगा, जबकि पंजीकृत मतदाताओं को अपने मतदाता के शीर्ष पर उल्लिखित अपना ईपीआईसी नंबर प्रदान करना होगा। आईडी कार्ड। एक बार जब वे ऐसा कर लेंगे, तो एक बूथ-स्तरीय अधिकारी अन्य औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए उनके घर जाएगा। उसके बाद, मतदाता पहचान पत्र उनके पते पर भेजे जाने में ज्यादा समय नहीं है। इस एप्लिकेशन ने दिव्यांगजनों को मतदान दिवस पर व्हीलचेयर के लिए अनुरोध करने में भी सहायता प्रदान की है। सक्षम ऐप दिव्यांगजनों को मतदान करने में भाग लेने में मदद करने के लिए कई सुविधाएं प्रदान करता है। जिसमें ये सुविधाएं शामिल हैं- आवाज सहायता ऐप उन दिव्यांगों के लिए आवाज सहायता प्रदान करता है जो दृष्टिबाधित हैं। टेक्स्ट-टू-स्पीच ऐप उन दिव्यांगों के लिए टेक्स्ट-टू-स्पीच प्रदान करता है जो सुनने में अक्षम हैं। एक्सेसिबिलिटी विशेषताएं ऐप में कई एक्सेसिबिलिटी विशेषताएं हैं, जैसे बड़े फॉन्ट और उच्च-कंट्रास्ट रंग, जिससे दिव्यांगजनों के लिए इसका उपयोग करना आसान हो जाता है। मतदान केंद्रों पर जानकारी ऐप मतदान केंद्रों पर जानकारी प्रदान करता है, जिसमें मतदान केंद्र का स्थान, मतदान केंद्र पर उपलब्ध पहुंच सुविधाएं और मतदान अधिकारियों के संपर्क विवरण शामिल हैं। शिकायतें ऐप दिव्यांगजनों को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के दौरान आने वाली किसी भी समस्या के बारे में शिकायत दर्ज करने की अनुमति देता है। सक्षम ऐप दिव्यांगजनों के लिए चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए एक मूल्यवान उपकरण है। ऐप का उपयोग करना आसान है और यह कई सुविधाएं प्रदान करता है जो दिव्यांगजनों के लिए मतदान के लिए पंजीकरण करना, अपना मतदान केंद्र ढूंढना और वोट डालना आसान बनाता है।

## भगवा ध्वज के साथ निकली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

अंचल सहित क्षेत्र में बुधवार को रामनवमी पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। ग्राम रसेला में धर्म प्रेमियों द्वारा श्री रामचन्द्र जी की पूजा अर्चना कर हनुमान मंदिर रंगमंच से भव्य बाइक रैली निकालकर गांव की गलियों चौंक चौराहे पर जय जय श्री राम की जयघोष लगाते हुए अतिबाजी किया। इस दौरान बाइक रैली बेलडीही होते हुए ग्राम रुवाड में गलियों का भ्रमण किया गया साथ ही वहां पर हनुमान मंदिर में पुजा अर्चना कर जयघोष लगाते हुए रसेला वापस हुए। बाइक रैली को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल था। लोग हाथों में भगवा रंग के ध्वज लिए सिर पर भगवा रंग की वस्त्र एवं पगड़ी पहनकर इस बाइक रैली में शामिल हुए तथा सामाजिक एकता का संदेश दिया। घूमने में करीब चार घंटे लगाएं।



तत्पश्चात रात्रि 9 बजे से साधना सरगम मानस परिवार बैहराबुडा जिला गरियाबंद ने मानस गान की प्रस्तुति दी गई। जो रात्रि 12 बजे महाआरती कर प्रसादी वितरण कर समापन किया गया। इस दौरान उप-सरपंच परमेश्वर यादव, व्यापारी संघ के अध्यक्ष कृष्ण चक्रधारी, शिवशंकर जयसवाल, नंदकिशोर यादव, पुखराज यादव, महेश्वर निषाद, भूपेन्द्र मरकाम, नारद कमार, देवकुमार मारकंडेय, शंकरलाल कुर्रे, रोशन, राकेश, मुकेश गुप्ता, रमण यादव, लोकराम ध्रुव, पितांबर निषाद, तिहार कमार,चुम्मन निषाद, लक्ष्मीकांत सिन्हा, कालेश्वर यादव सहित सभी धर्म प्रेमियों उपस्थित थे।

## धूमधाम से किया ज्योत जंवारा विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटसिवनी



चैत्र नवरात्र के नौवें दिन एवं रामनवमी के पावन पर्व पर बुधवार को पिपरहट्ठा के सितला मंदिर में विराजित जोत जवारा का पूजा पाठ के बाद विर्सजन किया गया। सेवा जसगीत की धुन पर नाचते-गाते मांदर की थाप पर झूमते भक्तों ने श्रद्धा के साथ जोत जंवारा का विसर्जन किया। जोत जंवारा विसर्जन में सड़कों पर भक्ति उल्लास छाया रहा। खुले पैर महिलाएं सिर पर कलश धारण माता की भक्ति में लीन दिखी। गांव के तालाबो में पूरी आस्था व श्रद्धा के साथ विसर्जन किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में गांव के श्रद्धालु मौजूद थे।

### बीएओ ने किया मतदाता पर्ची का वितरण



**मैनपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन पुरी तरह मुस्तैद है, मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल कुल्हाडीघाट क्षेत्र में मतदान केन्द्र क्रमांक 103 में बीएलओ सुकराम नागेश द्वारा मतदाता पर्ची वितरण करते हुए साथ ही मतदाताओं को मत देने के लिए जागरूक करते हुए।

कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज ने जनसंपर्क कर जनता से मांगा आशीर्वाद

# बेरोजगारी और महंगाई से देश की जनता परेशान: जनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू गुरूवार को बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के मैनपुर एवं देवभोग विकासखण्ड अंतर्गत एक दर्जन से अधिक ग्रामों में जनसंपर्क कर लोगों से आशीर्वाद मांगा। ताम्रध्वज साहू के सीनापाली पहुंचने पर बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमाला के साथ जोरदार ऐतिहासिक स्वागत किया। इस दौरान ग्राम सीनापाली, झांखरपारा उरमाल, गोहरापदर, भेजीपदर, सरगीगुडा, तेतलखुंटी एवं अनेक ग्रामों में कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने लोगों से जनसमर्थन मांगा। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ताम्रध्वज साहू ने कहा कि आप सभी से आशीर्वाद लेने आया हूं, मैं आपसे कोई बड़े- बड़े वायदे करने नहीं हुआ आया हू। बल्कि आपको इतना विश्वास दिलाता हूं कि जिस तरह विधानसभा चुनाव में आप क्षेत्र के लोगों ने कांग्रेस पर विश्वास कर जनक ध्रुव को विधायक बनाया है, उसी तरह मुझ पर विश्वास कर मुझे सांसद बनाईये मैं इस क्षेत्र के बच्चों युवाओं और प्रत्येक ग्रामीणों के विकास के लिए कार्य करूंगा।



### महालक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को मिलेगा 1 लाख रूपये

बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में हमारे कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत के साथ भाजपा के इस किले को ढहाया है और इस बार फिर पूरे कार्यकर्ता मिलजुलकर कांग्रेस प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजय दिलाना है। उन्होने युवाओं से अपील किया है कि युवा कार्यकर्ता को ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भावसिंह साहू ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर हर शिक्षित युवा को नौकरी महालक्ष्मी हर गरीब परिवार की महिला को महालक्ष्मी योजना के तहत 01 लाख रूपये सहित अनेक घोषणा किया गया है जिसे कांग्रेस पुरा करेंगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव, जिला अध्यक्ष भावसिंह साहू, अमलीपदर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ललिता यादव, भुपेन्द्र मांझी, अरूण सोनवानी, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष श्री बघेल, यशवंत मरकाम, अलतमस खान, सेवन पुजारी, श्रवण सतपति, दामु सोरी, अनुराग वाघे, भुमिलता यादव, हरि यादव, पंकज मांझी सहित बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।





